बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश,

19, महर्षि दयानन्द मार्ग,
प्रयागराज।

निर्वाचन–2025–26

विज्ञप्ति संख्याः 66/2026 दिनांकः 25.02.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश निर्वाचन 2025–26 से सम्बन्धित जनपद लखनऊ का निर्वाचन दिनांक 27/28.01.2026 को होना था, किन्तु कतिपय अव्यवस्थाओं के कारण उसे माननीय हाईपावर इलेक्शन कमेटी, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्या (सिविल) 1319/23 एम. वर्धन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एण्ड अदर्स में पारित आदेश दिनांकित 18.11.2025 के द्वारा गठित की गयी है, के द्वारा निरस्त कर दिया गया था एवं उपर्युक्त वर्णित रिट याचिका संख्या (सिविल) 1319/23 में प्रस्तुत इन्टरवीनिंग एप्लीकेशन संख्या 45414/26 में पारित आदेश दिनांकित 16.02.2026 के अनुसार माननीय हाईपावर इलेक्शन कमेटी को लखनऊ जनपद का पुनः चुनाव से सम्बन्धित तिथि एवं तदुपरान्त मतगणना के सम्बन्ध में तिथि निश्चित किये जाने हेतु अधिकृत किया गया है।

उक्त के अनुपालन में माननीय हाईपावर इलेक्शन कमेटी को प्रेषित अनुरोध के दृष्टिगत माननीय हाईपावर इलेक्शन कमेटी की दिनांक 19.02.2026 को हुई बैठक में लिये गये निर्णय एवं निर्देशानुसार लखनऊ जनपद से सम्बन्धित चुनाव के लिये माननीय सदस्य, हाईपावर इलेक्शन कमेटी न्यायमूर्ति श्री ए0आर0 मसूदी, पूर्व न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, माननीय न्यायमूर्ति निर्वाचन अधिकारी, माननीय न्यायमूर्ति पर्यवेक्षक महोदय व चुनाव अधिकारी की बैठक माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ व नामित पीठासीन अधिकारी एवं लखनऊ जनपद के प्रशासनिक अधिकारी–गण के साथ दिनांक 23.02.2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें लिये गये निर्णय के अनुसार लखनऊ जनपद का चुनाव 05 दिन अर्थात् दिनांक **11 मार्च, 2026 से 15 मार्च, 2026** तक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ के परिसर में स्थित **आडिटोरियम हॉल, निकट अवध बार एसोसिएशन कैन्टीन व अवध बार एसोसिएशन, लाइब्रेरी के निकट हॉल** में निम्नवत सम्पन्न होगा ।

दिनाक	पंजीकरण वर्ष	मूल मतदाता सूची कमांक	अनुपूरक मतदाता सूची कमांक	कुल मतदाता
11.03.2026	वर्ष 1962 से 2000 दिनांक **01.01.1962 से 31.12.2000** तक के पंजीकृत अधिवक्ता ही **दिनांक 11 मार्च 2026** को प्रातःकाल 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक मतदान करेंगे।	01 से 5410	01 से 49	5459

2.03.2026	**वर्ष 2001 से 2010** दिनांक **01.01.2001 से 31.12.2010** तक के पंजीकृत अधिवक्ता ही **दिनांक 12 मार्च 2026** को प्रातःकाल 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक मतदान करेंगे।	5411 से 11042	50 से 80	5663
13.03.2026	**वर्ष 2011 से 2018** दिनांक **01.01.2011 से 31.12.2018** तक के पंजीकृत अधिवक्ता ही **दिनांक 13 मार्च 2026** को प्रातःकाल 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक मतदान करेंगे।	11043 से 16575	81 से 138	5591
14.03.2026	**वर्ष 2019 से 2021** दिनांक **01.01.2019 से 31.12.2021** तक के पंजीकृत अधिवक्ता ही **दिनांक 14 मार्च 2026** को प्रातःकाल 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक मतदान करेंगे।	16576 से 20575	139 से 192	4054
15.03.2026	**वर्ष 2022 से 2025** दिनांक **01.01.2022 से 23.10.2025** (पंजीकरण संख्या यू.पी. 34931/25) तक के पंजीकृत अधिवक्ता ही **दिनांक 15 मार्च 2026** को प्रातःकाल 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक मतदान करेंगे।	20576 से 25684	193 से 974	5891

वास्ते निर्वाचन अधिकारी

(रामकिशोर शुक्ल)
सचिव/चुनाव अधिकारी,
बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश,
प्रयागराज।